# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय सराहां

## प्रभारी: प्रो. दिनेश कुमार

**<u>May & June 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियो द्वारा प्रारम्भिक कक्षाओ के विद्यार्थियो के लिए "**प्रथम संस्था**" के साथ मिलकर दिनांक 17 मई 2025 से 17 जून 2025 तक "**कमाल** का **केम्प**" का आयोजन किया जिसके तहत गर्मी की छुट्टियो में पांचवी तक के विद्यार्थियो को खेल खेल में पढाने का कार्य किया गया।








**21st June 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियो द्वारा 21 जून 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में 11 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बडे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियो ने अनुलोम - विलोम व कपालभति प्राणायाम के साथ साथ कई योगासनो का अभ्यास किया।






**11th July 2025**


राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 11 जुलाई 2025 को "एक पेड़ मां के नाम 2.0" पौधारोपण अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर तथा गोद लिए गांव सराहां के क्षेत्र जोहना घाट के हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण के कार्य में महाविद्यालय के 92 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। इस अभियान की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान द्वारा की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर व हनुमान मंदिर में देवदार, आंवला, बीयूल, अनार तथा बहेड़ा के 55 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सफाई अभियान भी चलाया जिसमें हनुमान मंदिर परिसर की सफाई की गई तथा खरपतवार निकाला गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आनंद लिया। इस अभियान में महाविद्यालय प्राचार्य व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार के अतिरिक्त प्रो. जगमोहन सिंह ठाकुर, डॉ मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार, प्रो. कृष्ण कुमार, डॉ. रीमा शर्मा व कार्यालय अधीक्षक शंभू नाथ के अलावा महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीयों ने भी हिस्सा लिया।








ROAD SAFETY CLUB
GOVT. DEGREE COLLEGE SARAHAN, SIRMAUR H.P
यातायात संकेत
50
REDMI 14C 5G


GPS Map Camera
Google
Juhana, Himachal Pradesh, India
P56w+wxg, Juhana, Himachal Pradesh 173024, India
Lat 30.712368° Long 77.197308°
11/07/2025 11:19 AM GMT +05:30


REDMI 14C 5G


GPS Map Camera
Google
Juhana, Himachal Pradesh, India
P56w+wxg, Juhana, Himachal Pradesh 173024, India
Lat 30.712403° Long 77.197237°
11/07/2025 11:21 AM GMT +05:30

# सराहां कॉलेज, हनुमान मंदिर के पास रोपे पौधे

सराहां (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय सराहां की एनएसएस इकाई ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर तथा गोद लिए गए सराहां गांव के जोहना घाट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया।

इस अभियान की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने की। इसके बाद देवदार, आंवला, बियूल, अनार तथा बहेड़ा के कुल 55 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सफाई अभियान भी चलाया। इसके अंतर्गत हनुमान मंदिर परिसर की सफाई की गई और खरपतवार हटाए गए। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। संवाद



**<u>26th July 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष पर स्वयंसेवियों के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम उन्हें कारगिल युद्ध से संबंधित वीडियो दिखाए गए। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार द्वारा कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सराहां में इतिहास विभाग में कार्यरत प्रो. कृष्ण दत्त ने स्वयंसेवियों को देश व समाज सेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान के अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**29th July 2025**:-


राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 29 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नए सत्र 2025-26 की उदघाटन सभा का आयोजन किया गया। इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य दिनेश कुमार द्वारा स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उदेद्श्य व महत्व के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई । सत्र के दौरान स्वयंसेवियों के विभिन्न प्रश्नो व शंकाओ का समाधान किया गया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**4th August 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 4 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा सभी विद्यार्थियो को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य दिनेश कुमार द्वारा नशा विरोधी शपथ दिलाई गई जिसमे स्वयंसेवियों एव्म विद्यार्थियो के अतिरिक्त सभी प्राध्यापको व कर्मचारियो ने भी हिस्सा लिया।






**6th August 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 6 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर एव्म रेंजर इकाई के स्वयसेवियो ने United Veterans Association Pachhad Chapter द्वारा आयोजित मेडिकल कैम्प तथा रोजगार मेले के शिरकत की तथा इस दौरान कुश्ती मैदान के आस-पास पौधारोपण भी किया जिसमे बरग़द, शमी तथा दाडो के पौधे रौपे गए। इस दौरान बीआरसी आफिस के आस-पास सफाई की गई तथा प्लास्टिक इकट्ठा कर निस्तारण किया गया। इस कैम्प में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 20 स्वयसेवियो ने  हिस्सा लिया।







# यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन व स्कॉउट एंड गाइड ने रोपी हरियाली

अनंत ज्ञान, सराहां

यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर ने राजकीय महाविद्यालय सराहां के स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

इसमें बरगद, शमी के साथ दाड़ो के पौधे लगाए। इस अवसर पर बीआरसी ऑफिस के आसपास साफ-सफाई भी की गई और इधर-उधर फैले कचरे व पॉलीथिन को उठाया गया। वहीं, शहीद स्मारक की भी सफाई की। कॉलेज की कैरियर कौंसिल एंड प्लेसमेंट सेल ने कुश्ती ग्राउंड में यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद द्वारा आयोजित रोजगार मेले में युवाओं को कैरियर के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कॉलेज के स्वयंसेवियों व स्काउट एंड गाइड ने वेटरन्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोजगार मेले, स्वास्थ्य कैंप, आधार सुधार कैंप में वेटरन्स के साथ मिलकर बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसकी उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।



पौधरोपण के दौरान स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवी।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुलशम कुमार ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रो. जगमोहन सिंह, प्रो. सुदेश कुमार, प्रो. प्रियंका सराओ, प्रो. कृष्ण दत्त व यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय राजन, वेटरन प्रीतपाल ठाकुर, वेटरन मदन स्वरूप, वेटरन इंद्र दूत, वेटरन नरेश शर्मा, वेटरन सुरेंद्र पुंडीर, वेटरन श्याम लाल, वेटरन वीरेंद्र अत्री, वेटरन सुनील दत्त, वेटरन दीप राम, वेटरन रमेश गौतम, वेटरन भुवनेश्वर दत्त के इलावा कॉलेज के दो दर्जन स्काउट एंड गाइड एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे। एसोसिएशन पास्ट प्रेजेंट और फ्यूचर के थीम को लेकर तीन पीढ़ियों को साथ लेकर मिलकर सामाजिक कार्य करती है।

**8th August 2025**

दिनांक 8 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एन.एस.एस. इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का स्वागत किया तथा साइबर जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि आज की दुनिया में शैक्षणिक, व्यक्तिगत एव्म वित्तीय गतिविधियो में साइबर सुरक्षा की महती आवयश्कता है। प्रो. प्रियंका सराव (संयोजक, साइबर जागरूकता सेल) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित करने के लिए तकनीकी समाधानों के अलावा “स्वय जागरूकता” की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।








**<u>12th August 2025</u>**

दिनांक 12 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में रेड रिबन क्लब एवं एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में इंटेंसिफाइड IEC अभियान और अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के तहत एचआईवी एड्स जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया और छात्रों को एचआईवी एड्स नामक गंभीर बीमारी के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं उपचार पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश को एचआईवी एड्स से मुक्त करने के लिए शपथ दिलाई गई । इसके उपरांत एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने युवा शक्ति को समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत करवाया और नशे से दूर रहते हुए एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के प्रति सावधानी बरतने और जागरूक रहने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में एचआईवी एड्स रोकथाम से संबंधित फिल्म भी विद्यार्थियों को दिखाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, प्रो. जगमोहन सिंह, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ एवं महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।






**<u>13th August 2025</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 13 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व Anti drug cell के सन्युक्त तत्वाधान में पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग श्री सुदेश कुमार (Convener, Anti drug Cell) ने नशे के दुष्प्रभाव व इसके बचने के उपायो विषय पर विद्यार्थियो को सम्बोधित किया। इस दौरन सभी अध्यापको व विद्यार्थियो को नशा न करने व इसके उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं रोवर एवं रेंजर यूनिट स्वयंसेवियों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सराहां से बस स्टैंड सराहां तक तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय उच्च मार्ग 907 ए से होती हुई बाईपास व पुराना बस स्टैंड तक निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा लोगों को घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस रैली को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, रोबर इकाई संयोजक प्रो. कृष्ण दत्त के अलावा डॉ मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका सराव, कार्यालय अधीक्षक शंभूनाथ व वरिष्ठ सहायक संजीव उपस्थित रहे।









# सराहां कॉलेज में छात्रों ने तिरंगा लगाने के लिए किया प्रेरित

**सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों, रोवर एवं रेंजर यूनिट स्वयंसेवियों के संयुक्त तत्वाधान में रैली निकाली गई। रैली राष्ट्रीय उच्च मार्ग 907ए से होती हुई बाईपास व पुराना बस स्टैंड तक निकाली गई।

इस दौरान स्वयंसेवियों की ओर से लोगों को घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस रैली को महाविद्यालय प्रांचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, रोवर इकाई संयोजक प्रो. कृष्ण दत्त के अलावा डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. सीमा शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका सराव, कार्यालय अधीक्षक शंभुनाथ व वरिष्ठ सहायक संजीव उपस्थित रहे। संवाद

Principal
Govt. Degree College
Distt. Sirmour (H.P.)

**15th August 2025**:-

दिनांक 15.08.2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी, रोवर व रेंजर स्वयंसेवी, रोड सेफ्टी क्लब के स्वयंसेवी व अन्य क्लबों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय झंडा लहराया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया तथा "सारे जहां से अच्छा" गीत पेश किया। तत्पश्चात सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने सभागार में एकत्र होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत देश प्रेम से जुड़े समूह गान व युगल नाटियां पेश की गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






**27th August 2025**.

दिनांक 27 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा " स्वच्छता ही सेवा" अभियान हे अधीन एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय परिसर में इकट्ठा हुई मिट्टी की सफाई की गई। इन गतिविधियों में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 68 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया









**16th Sept., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 16 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब एवं रोवर एवं रेंजर यूनिट के स्वयंसेवियों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सराहां के परिसर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के कमरों, कार्यालय सीढ़ियों व प्रांगण की सफाई की गई। महाविद्यालय प्रांगण में इकट्ठा हुआ खरपतवार, मिट्टी व पत्थरों का निस्तारण भी किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा नशा निवारण क्लब के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय सराहां से बस स्टैंड सराहां तक नशा मुक्ति अभियान हेतु रैली निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय उच्च मार्ग 907 ए से होती हुई बाईपास व पुराना बस स्टैंड तक निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया तथा नशा निवारण में सहयोग हेतु आहवान किया गया। स्वच्छता अभियान व नशा मुक्ति अभियान रैली में 85स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, नशा निवारण क्लब के संयोजक प्रो. सुदेश कुमार, रोबर इकाई संयोजक प्रो. कृष्ण दत्त, के अलावा प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. राजन कौशल, डॉ. मोल्लम डोलमा, डॉ. रीमा शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका सराव के अलावा कार्यालय अधीक्षक शंभूनाथ व वरिष्ठ सहायक संजीव उपस्थित रहे।














# सराहां कॉलेज में स्वयंसेवियों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



सराहां में जागरूकता रैली निकालते कॉलेज के स्वयंसेवी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सराहां (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), ईको क्लब और रोवर एवं रेंजर यूनिट के स्वयंसेवियों के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर और आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के कमरों, कार्यालय, सीढ़ियों और प्रांगण की सफाई की गई। साथ ही परिसर में एकत्रित खरपतवार, मिट्टी और पत्थरों का निस्तारण भी किया गया।

इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और नशा निवारण क्लब के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर से बस स्टैंड सराहां तक नशा मुक्ति

## स्वयंसेवियों ने खरपतवार मिट्टी और पत्थरों को लगाया ठिकाने

रैली निकाली। रैली से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और नशा निवारण में सहयोग का आह्वान किया गया। इस अभियान में 119 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, नशा निवारण क्लब संयोजक प्रो. सुदेश कुमार, रोवर यूनिट संयोजक प्रो. कृष्ण दत्त सहित प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. राजन कौशल, डॉ. मोल्लम डोलमा आदि मौजूद रहे।

**20th Sept., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, नशा निवारण क्लब एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सराहां के विद्यार्थियों के लिए नशा निवारण विषय पर सुबह 11:00 बजे से पोस्टर निर्माण व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा 24 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर की जाएगी तथा विजेताओं को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसी दौरान दोपहर बाद 1:00 बजे से महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 24 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हेतु छंटनी परीक्षा करवाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाली टीम को यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1 में भेजा जाएगा तथा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता में 12, पोस्टर निर्माण में 10 तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. राजन कौशल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. दिनेश कुमार ने अहम भूमिका अदा की।



**24th Sept., 2025**

आज दिनांक 24 सितंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान रहे। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मेहमानों का स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा की गई गतिविधियों का विवरण भी रखा। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर इसके महत्व एवं सामाजिक उपयोगिता से सभी को परिचित करवाया। स्वयंसेवी गीता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, ध्येय वाक्य, उद्देश्य व महत्व पर पर अपना वक्तव्य रखा। इस दौरान "नशा निषेध" विषय के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसे सांस्कृतिक समिति के साथ मिलकर किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन डॉ. राजन कौशल, अध्यक्ष -सांस्कृतिक समिति महाविद्यालय सराहां द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें रितिक शर्मा, दुष्यंत कुमार और आयुष सिंह की टीम ने प्रथम स्थान, संतोष, श्रुति शर्मा और आयुष कुमार की टीम ने द्वितीय स्थान तथा शिखा शर्मा, आशीष कुमार और अन्वेषक शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में श्रुति शर्मा, स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, आशीष कुमार, स्नातक द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा मुस्कान, स्नातक तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान नशा निषेध विषय पर दिनांक 20 सितंबर 2025 को करवाई गई पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं का ऐलान भी किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा रानी, स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान, संचिता ठाकुर, स्नातक द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान, मुस्कान पंवार, स्नातक प्रथम वर्ष ने हासिल किया। वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, स्नातक तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान, सुहानी पंवार, स्नातक प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान शिखा शर्मा, स्नातक तृतीय वर्ष ने हासिल किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी ने बताया की इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिनमें एकल गान, एक नृत्य, समूह गान, गजल, पंजाबी हरियाणवी तथा हिमाचली नृत्य, कव्वाली एवं लोकनृत्य प्रमुख रहे।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निश्चित करने और उसे पूरा करने के लिए मेहनत के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान महाविद्यालय उप-प्राचार्य प्रो. जगमोहन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंच का संचालन स्वयंसेवी आयुष सिंह तथा तनवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना अध्यक्षा प्रिया ने सभी का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त, डॉ. गुलशन कुमार धीमान (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सराहां), प्रो. जगमोहन सिंह ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराव, कार्यालय अधीक्षक शंभूनाथ तथा क्लर्क संजीव कुमार उपस्थित रहे।













# प्रश्नोत्तरी में रितिक, दुष्यंत और आयुष की टीम बनी विजेता

## सराहां कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

सराहां (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान रहे। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यातिथि तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा की गई गतिविधियों का विवरण भी रखा।

स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर इसके महत्व एवं सामाजिक उपयोगिता से सभी को परिचित करवाया। स्वयंसेवी गीता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, ध्येय वाक्य, उद्देश्य व महत्व पर अपना वक्तव्य रखा। इस दौरान नशा निषेध विषय के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन डॉ. राजन कौशल, अध्यक्ष - सांस्कृतिक समिति महाविद्यालय सराहां की ओर से किया गया। प्रश्नोत्तरी में रितिक शर्मा, दुष्यंत कुमार और आयुष सिंह की टीम ने प्रथम स्थान, संतोष, श्रुति शर्मा और आयुष कुमार की टीम ने द्वितीय स्थान तथा शिखा शर्मा, आशीष कुमार और अन्वेषक शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। संवाद

**27th Sept., 2025**

दिनांक 27 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा " स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अधीन एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय सभागार एव्म कक्षा कक्षो की सफाई की गई। इन गतिविधियों में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 72 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया









**<u>30th Sept., 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में दिनांक 30/9/2025 को रेड रिबन क्लब एव्म राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वारा इंटेंसिफाइड IEC कैंपेन के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय के प्रांगण से शुरू होकर सराहाँ बाजार होते हुए नए बस अड्डे पर समाप्त हुई। इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को HIV/AIDS के प्रति जागरूक करना था। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्होंने महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चल रहे IEC कैंपेन के तहत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की सराहना की और विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह के जागरूकता संबंधी कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. मोल्लम डोलमा ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स जैसी लाइलाज बीमारी से अवगत करवाते हुए कहा की इस रैली के जरिए हम समाज को इस बीमारी से बचने और सतर्क रहने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. जगमोहन सिंह, प्रो. दिनेश कुमार, रेड रिबन क्लब के सदस्य प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त और प्रियंका सराओ, अधीक्षक श्री शंभू नाथ, वरिष्ठ सहायक संजीव कुमार एवं महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।










**<u>1st Oct., 2025</u>**

दिनांक 01.10.2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एन.एस.एस. इकाई ने “साइबर जागरूकता” कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय लेक्चर हॉल न. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार (एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा प्रो. सुदेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।









**<u>2nd Oct., 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 2 अक्तूबर 2025 को महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन तथा दशहरा के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा दशहरा एव्म दोनों महापुरुषों की जयंती पर संक्षिप्त वक्तव्य दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 46 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवियों को जलपान करवाने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**<u>8th Oct., 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को Electoral Literacy Club द्वारा विद्यार्थियों के लिए मतदाता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ELC नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नया वोट बनाने के लिए विद्यार्थी अपना आधार कार्ड, माता या पिता या परिवारजन का वोटर कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा दसवीं का प्रमाण पत्र साथ लेकर अपने संबंधित गांव के BLO से संपर्क करें तथा अपना वोट बनवा लें। इस कार्यक्रम में ELC नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, समन्वयक प्रो. कृष्ण कुमार के अतिरिक्त 75 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।







**<u>13th Oct., 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में आज दिनांक 13/10/2025 को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), रोवर और रेंजर यूनिट तथा रोड सेफ्टी क्लब के साथ मिलकर “अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस" का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण पर जगमोहन सिंह, सह-आचार्य भूगोल ने विद्यार्थियों को विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत प्रतिक्रियात्मक राहत प्रयासों से आगे बढ़कर एक सक्रिय बहुस्तरीय प्रयास कर रहा है जिससे प्राकृतिक आपदाओं के लिए उत्तरदाई, बढ़ते जोखिम को कम किया जा सके। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सभी इकाइयों के प्रभारी, स्वयंसेवियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त और प्रियंका सराओ उपस्थित रहे।










**17th Oct., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिवाली की पूर्व संध्या पर "YEH DIWALI MY BHARAT WALI" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में दिवाली पर रंगोली बनाकर दिवाली का जश्न मनाया। इस अवसर महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेहंदी रंगोली प्रतियोगिताए करवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से गुणों को आत्मसात करने का आह्वान किया।








**28th Oct., 2025**

आज दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां, जिला सिरमौर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "सरदार @150" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और उसके पश्चात् राष्ट्रीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन तथा उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्वयंसेवियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें "सरदार पटेल-एकीकृत भारत के निर्माता" विषय पर 35 स्वयंसेवियों ने निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।







**30th Oct., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को Electoral Literacy Club द्वारा विद्यार्थियों के लिए मतदाता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ELC नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने रिसोर्स पर्सन डॉ. मोल्लम डोल्लमा व अन्य प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया। डॉ. मोल्लम डोलमा ने वोट का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक सरकार के अंदर लोगों का वोट बहुमूल्य है जो लोगों की पसंद की सरकार को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने लड़कियों को विशेष कर अपना वोट बनाने व उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात ELC समन्वयक प्रो. कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि नया वोट बनाने के लिए विद्यार्थी अपना आधार कार्ड, माता या पिता या परिवारजन का वोटर कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा दसवीं का प्रमाण पत्र साथ लेकर अपने संबंधित गांव के BLO से संपर्क करें तथा अपना वोट बनवा लें। इस कार्यक्रम में ELC नोडल अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, समन्वयक प्रो. कृष्ण कुमार के अलावा रिसोर्स पर्सन डॉ. मोल्लम डोलमा व प्रो. प्रियंका सराव के अतिरिक्त 67 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।






**30th Oct., 2025**

दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में श्री नरेंद्र सिंह जमवाल, प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्ह, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवियों को Financial Literacy Programme विषय □र एक महत्व□ूर्ण व्याख्यान दिया गया। इस अवसर □र उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा SEBI (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) की भूमिका □र प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटी-छोटी बचतों के महत्व से अवगत कराया और यह समझाया कि किस प्रकार सीमित आय में भी नियमित निवेश और योजनाबद्ध बचत के माध्यम से भविष्य के लिए एक सुदृढ़ आर्थिक आधार तैयार किया जा सकता है।






**7th Nov., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम्’ के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान के नेतृत्व में समस्त प्राध्यापक एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने एक साथ स्वर मिलाकर **‘वंदे मातरम्’** का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा देशभक्ति की भावना को पुनः जागृत करना था। इसी दौरान सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भाषण का सीधा प्रसारण भी सुना। प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत “वंदे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की अभिव्यक्ति है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य वीरों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया जिसमें महाविद्यालय सभागार, पुस्तकालय, प्रांगण, कक्षा कक्ष तथा लड़कियों के सामान्य कक्ष की सफाई की गई। इस सफाई अभियान में 63 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।









**10th Nov., 2025**


10 नवम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहा के विद्यर्थियो के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम नाहन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डिजिटल बस पास पर एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया था। हिमाचल पथ परिवहन निगम नाहन कार्यालय से क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीराम दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी अब Him Access portal पर जाकर डिजिटल बस पास बना सकते है। इस दौरान जरुरी दस्तावेजो के बारे में भी जानकारी दी गई।







**14th Nov., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर 2025 को गोद लिए, सराहां गांव के क्षेत्र जोहना घाट के हनुमान मंदिर परिसर मे एकदिवसीय शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों की गुड़ाई-निराई तथा सिंचाई की गई। मंदिर परिसर में उपजी खरपतवार तथा अवांछित घास की कटाई कर उसका निस्तारण किया गया। सफाई अभियान खत्म होने के बाद स्वयंसेवियों ने चाटी तोड़ खेल का भी आनंद लिया। इस सफाई अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 47 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।









**<u>20th Nov., 2025</u>**

आज दिनांक 20 नवंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती तथा "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सराहां में किया गया। इस कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद माननीय श्री सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके अतिरिक्त पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रीना कश्यप व पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुखराम विशेष अतिथि के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक एवं राजकीय महाविद्यालय नाहन के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पंकज चांडक ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। तत्पश्चात राजकीय महाविद्यालय सराहां के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने मुख्य अतिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर व सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय सराहां के स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" का गायन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की सरदार पटेल ने भारत को एकता के सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 562 देसी रियासतों को भारत में शांतिपूर्ण तरीके से मिला दिया। उनके द्वारा चलाए गए खेड़ा व बारदोली सत्याग्रह ने उन्हें सरदार व लौह पुरुष के रूप में स्थापित किया। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उसके महत्व को भी उजागर किया। कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केंद्र के संयोजक श्री सुरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों व अन्य गणमान्य लोगों तथा स्वयंसेवियों का कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद दिया। तदुपरांत बस अड्डे से खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सराहां तक एकता पदयात्रा निकाली गई जिसमें माननीय सांसद श्री सुरेश कश्यप, पच्छाद क्षेत्र से विधायक श्रीमती रीना कश्यप, पांवटा साहिब क्षेत्र के विधायक श्री सुखराम, महाविद्यालय सराहां के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. दिनेश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संयोजक डॉ. पंकज चांडक, नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयोजक श्री सुरेंद्र शर्मा के अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना राजकीय महाविद्यालय सराहां के 82 स्वयंसेवी ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व और उनके देश की एकता के लिए किए गए कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था और साथ ही वंदे मातरम गीत के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।



# वंदे मातरम के 150 वर्ष पर सराहां में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तथा 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि रहे, जबकि पच्छाद विधायक रीना कश्यप और पांवटा साहिब के विधायक सुखराम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला एनएसएस संयोजक डॉ. पंकज चांडक द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने मां सरस्वती और सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकजुट कर भारत की अखंडता स्थापित की। उन्होंने वंदे मातरम के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के उपरांत बस अड्डे से बीडीओ कार्यालय तक एकता पदयात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और 82 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के योगदान और वंदे मातरम के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।






**$26^{th}$ Nov., 2025**

दिनांक 26 नवंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति शास्त्र विभाग तथा महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र परिषद के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय सराहां के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय सराहां के स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि, प्राध्यापक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवियों का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया तथा संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया साथ ही प्रस्तावना का वाचन भी करवाया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" का गायन किया गया। केन्द्रीय छात्र परिषद की अध्यक्षा सुश्री श्रुति शर्मा ने अपने संबोधन में संविधान की भारतीय लोकतंत्र में भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, प्रश्नोत्तरी व नारा लेखन प्रमुख थी। भाषण व नारा लेखन प्रतियोगिता का विषय "राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका" रखा गया था। नारा लेखन में प्रीतिका स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, शिखा शर्मा स्नातक तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा अंजना ठाकुर स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कविता स्नातक प्रथम वर्ष ने प्रथम, आशीष स्नातक द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा मुस्कान स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान अंतर विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसको अंग्रेजी विभाग, राजनीति शास्त्र विभाग तथा इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें संतोष कुमार, श्रुति शर्मा व गीता शर्मा की टीम (ई) ने प्रथम, आशीष कुमार, आयुष सिंह व आयुष कुमार की टीम (ए) ने द्वितीय तथा साहिल कुमार, अर्चना ठाकुर व प्रियंका की टीम (डी) ने तृतीय स्थान को प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा राजनीति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की भारतीय संविधान हमारा सर्वोच्च कानून है जिसने भारत के विकास को नई दिशा दी है। इसने लोकतांत्रिक सरकार, गणतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, एकता, अखण्डता, प्रगति तथा न्याय को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि नागरिकों को सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए जिससे समाज के अंतिम पायदान पर स्थित वर्ग को भी सामाजिक न्याय की दायरे में लाया जा सके। प्राचार्य महोदय ने नशे के खिलाफ विद्यार्थी वर्ग को जागरूक रहने व उससे दूर रहने का भी आह्वाहन किया। इस दौरान प्रस्तावना दीवार पर लिखी प्रस्तावना व मौलिक कर्तव्यों पर प्राचार्य महोदय, प्राध्यापकों के साथ-साथ स्वयंसेवियों ने भी हस्ताक्षर किए। अंत में प्रो. कृष्ण दत्त ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद के सदस्यों, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, स्वयंसेवियों एवं अन्य विद्यार्थियों का कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान के अलावा, वरिष्ठ आचार्य प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ० राजन कौशल, प्रो० दिनेश कुमार, डॉ० मोल्लम डोलमा, प्रो० सुदेश कुमार, डॉ० रीमा शर्मा, प्रो० कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराव, अधीक्षक श्री शंभू नाथ, वरिष्ठ सहायक श्री संजीव कुमार महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं 85 स्वयंसेवी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।


WELCOME
NATIONAL SERVICE SCHEME
Preamble Wall


WELCOME
Preamble Wall
GPS Map Camera
Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5gj+f6c, Sarahan, Himachal Pradesh 173024, India
Lat 30.726288° Long 77.180493°
Wednesday, 26/11/2025 12:37 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5gj+f6c, Sarahan, Himachal Pradesh 173024, India
Lat 30.726242° Long 77.180583°
Wednesday, 26/11/2025 12:41 PM GMT +05:30
Google


अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए हस्ताक्षर करें।




# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संतोष श्रुति और गीता की टीम रही प्रथम



राजकीय महाविद्यालय सराहां में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र कॉलेज प्राचार्य के साथ। स्रोत कालेज

**सराहां (सिरमौर)।** राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति शास्त्र विभाग तथा महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापक वर्ग, केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवियों का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया तथा संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला। केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्षा श्रुति शर्मा ने संविधान की भारतीय लोकतंत्र में भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान आयोजित नारा लेखन में प्रतियोगिता में प्रीतिका स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, शिखा शर्मा स्नातक तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा अंजना ठाकुर स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कविता स्नातक प्रथम वर्ष ने प्रथम, आशीष स्नातक द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा मुस्कान स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया।

अंतर विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संतोष कुमार, श्रुति शर्मा और गीता शर्मा की टीम (ई) ने प्रथम, आशीष कुमार, आयुष सिंह व आयुष कुमार की टीम (ए) ने द्वितीय तथा साहिल कुमार, अर्चना ठाकुर व प्रियंका की टीम (डी) ने तृतीय स्थान को प्राप्त किया। संवाद

**<u>1st Dec., 2025</u>**

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में 01 दिसंबर 2025 को "विश्व एड्स दिवस" के अवसर पर रेड रिबन क्लब एव्म राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कल्चरल फैशन शो आदि शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूक करना था। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया। सर्वप्रथम रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा ने सभी का स्वागत किया तथा सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को रेड रिबन के बैज पहना कर एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई तत्पश्चात एड्स जागरूकता के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एचआईवी एड्स के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाना और संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव को खत्म कर उन्हें समाज में उचित सम्मान दिलाना है। तत्पश्चात हिमाचल को एड्स मुक्त बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान रेड रिबन क्लब की ओर से एक कल्चरल फैशन शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के प्रति सावधानी बरतने और जागरूक रहने के लिए। उन्होंने रेड रिबन क्लब के कार्य की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह की जागरुकता संबंधी गतिविधि को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए जिसमें भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, वैशाली बीए प्रथम वर्ष ने दूसरा स्थान, तथा श्रुति शर्मा बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन में कल्पना बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, शिखा शर्मा बीए तृतीय वर्ष ने दूसरा स्थान तथा मुस्कान बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संचिता ठाकुर बीए द्वितीय वर्ष और वैशाली बीए प्रथम वर्ष ने पहला स्थान, आंचल ठाकुर बीए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान और मुस्कान पंवर बीए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुस्कान की टीम प्रथम स्थान पर आशीष की टीम दूसरे स्थान पर और अनुराधा की टीम तीसरे स्थान पर रही। सरस्वती वंदना, नुक्कड़ नाटक और कल्चरल फैशन शो में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।







**3rd Dec., 2025**

3 दिसंबर 2025 को, राजकीय महाविद्यालय सराहाँ के साइबर जागरूकता सेल और NSS यूनिट ने कॉलेज हॉल में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के महत्त्व के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. दिनेश कुमार (प्रोग्राम ऑफिसर, NSS) के स्वागत अभिभाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया। अपने भाषण में उन्होंने ऐसे समय में साइबर जागरूकता के बढ़ते महत्त्व पर ज़ोर दिया जब ज़्यादातर कार्य ऑनलाइन किये जाते हैं। इसके बाद, प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक, साइबर जागरूकता सेल) ने संक्षेप में उन अलग-अलग साइबर थ्रेट्स के बारे में बताया जिनका सामना लोग हर दिन करते हैं, जिसमें बैंक डिटेल्स और पर्सनल जानकारी चुराने के लिए डिज़ाइन किए गए फ़िशिंग ईमेल और फ्रॉड फ़ोन कॉल्स की बढ़ती संख्या पर फोकस किया गया। उन्होंने ज़रूरी सावधानी बरतने के तरीकों पर भी बात की। इस मौके पर डॉ. गुलशन कुमार धीमान (प्रिंसिपल, GDC सराहन), प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. राजन कौशल, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, श्री शंभू नाथ (सुपरिंटेंडेंट) और श्री संजीव कुमार (सीनियर असिस्टेंट) मौजूद थे।









**4th Dec., 2025**

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में दिनांक 04/12/2025 को एन.एस.एस. (NSS), एंटी ड्रग सेल(Anti Drug cell), रोवर और रेंजर यूनिट, एन.सी.सी(NCC) और सी.एस.सी.ए (CSCA) द्वारा तंबाकू निषेध पर पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ - चढ कर भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दुष्यंत कुमार (बी. ए. प्रथम वर्ष), दूसरा स्थान ऋतिक शर्मा (बी .ए. प्रथम वर्ष) व तीसरा स्थान मुस्कान (बी. ए. तृतीय वर्ष) ने हासिल किया वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अर्पित शर्मा (बी. ए. तृतीय वर्ष) ने प्रथम, प्रीतिका (बी. ए. तृतीय वर्ष) दूसरा तथा पूजा रानी (बी. ए. प्रथम वर्ष) ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंत मे सफ़ाई अभियान भी चलाया गया।









**<u>24th Dec., 2025</u>**

दिनांक 24 दिसंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा “ स्वच्छता ही सेवा” अभियान के अधीन एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय □रिसर में इकट्ठा हुई मिट्टी तथा महाविद्यालय के साथ लगती सड़क किनारे उगी घास व खर□तवार की सफाई की गई। इन गतिविधियों में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 63 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।









**26th Dec., 2025**

**राजकीय महाविद्यालय** सराहाँ **की राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS) **इकाई द्वारा आज दिनांक** 26 **दिसंबर** 2025 **को राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे बाल वीर दिवस का ऑनलाइन प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी ऑनलाइन अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादायक संबोधन भी स्वयंसेवियों द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया। बाल वीर दिवस भारत में प्रत्येक वर्ष** 26 **दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस साहिबज़ादों—गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों पुत्रों—के अद्भुत साहस, बलिदान और धर्मनिष्ठा की पावन स्मृति में समर्पित है। विशेष रूप से छोटे साहिबज़ादों, साहिबज़ादा जोरावर सिंह जी और साहिबज़ादा फतेह सिंह जी, ने अत्याचार के सामने झुकने से इनकार करते हुए अल्पायु में ही अपने प्राणों का बलिदान दिया। बाल वीर दिवस बच्चों और युवाओं को साहस, सत्य, आत्मसम्मान तथा नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि सच्ची वीरता उम्र की मोहताज नहीं होती, बल्कि वह दृढ़ संकल्प और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा से उत्पन्न होती है।**









**<u>13th Feb., 2026</u>**

दिनांक 13 फरवरी 2026 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय □रिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ स्वयंसेवियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। अभियान के तहत महाविद्यालय □रिसर में एकत्रित मिट्टी एवं कचरे की साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवियों ने उत्साह□र्वक महाविद्यालय के सभागार कक्ष, कक्षाओं, प्रांगण तथा थिएटर कक्ष आदि स्थानों □र सफाई अभियान चलाया और □रिसर को स्वच्छ बनाने में महत्व□र्ण योगदान दिया। इस गतिविधि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कुल 93 स्वयंसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह अभियान न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय □हल रही, बल्कि स्वयंसेवियों में सामूहिक कार्य, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ।









**14th Feb., 2026**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 14 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) तथा रोवर एवं रेंजर इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों, विशेषकर तंबाकू एवं अन्य मादक □दार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना था। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय □रिसर से प्राचार्य महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 907 ए से होते हुए बाई□ास, □ुराना बस स्टैंड, नया बस अड्डा तथा कुश्ती ग्राउंड तक निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवियों ने नशा मुक्ति से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली के उ□रांत स्वयंसेवियों ने हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी भाग लिया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कुल 85 स्वयंसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर □र महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, प्रो. जगमोहन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार, रोवर इकाई संयोजक प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रभारी प्रो. प्रियंका सराव उ□स्थित रहे।











**5th March 2026**

आज दिनांक 5 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा “ स्वच्छता ही सेवा” अभियान के अधीन एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय परिसर, कक्षा कक्ष तथा महाविद्यालय सभागार की सफाई की गई तथा कचरे का निपटान किया गया। इस गतिविधि में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 81 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।



**9th March 2026**

आज दिनांक 9 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय सराहाँ की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा “अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस” के उ□लक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 61 स्वयंसेवियों ने सक्रिय रू□ से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व □र प्रकाश डालते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष और उ□लब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके □श्चात स्वयंसेवी श्रुति शर्मा, प्रीतिका, साहिल कुमार, आयुष सिंह तथा □वन ने अ□ने विचार प्रस्तुत किए और महिलाओं की उ□लब्धियों तथा इस दिवस के महत्व □र प्रकाश डाला। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उ□लब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी स्वयंसेवियों को महिलाओं के सम्मान और समानता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया तथा इसी के साथ कार्यक्रम का सफलता□ूर्वक समा□न किया गया।









**<u>25th  March 2026</u>**

आज दिनांक 25 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा महाविद्यालय के □रीक्षा कक्ष (Examination Hall) को सुव्यवस्थित किया गया। इस कार्य में महाविद्यालय के राष्ट्रीय केडिट कोर (NCC) के स्वयंसेवियों तथा रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट के सदस्यों ने भी सक्रिय रू□ से सहयोग प्रदान किया। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा □रीक्षा कक्ष में बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि आगामी □रीक्षाएं सुचारु एवं व्यवस्थित □ग से संचालित हो सकें। इस दौरान □रीक्षा कक्ष में साफ-सफाई भी की गई, जिससे □रिसर का वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे। इस गतिविधि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कुल 36 स्वयंसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।







*Programme Officer,*
*NSS Unit*
*G.D.C. Sarahan, Sirmaur (HP)*

*Principal*
*Govt. Degree College Sarahan*
*Dist. Sirmour HP*

# *END OF REPORT*